# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

epaper
हिन्दुस्तान

Share | Copy url | Save | Font Size | D'load Image | Image | Text | Listen

## नशामुक्त समाज निर्माण में भागीदारी का आह्वान

**मोतिहारी, निप्र।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी, में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. फजले सरवर, प्राचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी, आलोक कुमार, जिला समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राजीव रंजन झा, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपरोक्त मौके पर प्राचार्य ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को नशे की समस्या से सम्बंधित जानकारी दी । उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या उत्पन्न करता है। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र -छात्राओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। आलोक कुमार, जिला समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राजीव रंजन झा, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा विस्तार से नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, उपस्थित लोगों को नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के मोबिलाइजेशन व व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' की टीम ने निभाई।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com
Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

## परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या: प्राचार्य

- राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे नशामुक्त भारत अभियान का आयोजन

प्रतिनिधि, मोतिहारी


कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य.

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग समाहरणालय की ओर से नशामुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ फजले सरवर, जिला समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी आलोक कुमार, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर किया.

प्राचार्य ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या उत्पन्न करता है. उन्होंने सभी उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया. आलोक कुमार, जिला समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राजीव रंजन झा, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा विस्तार से नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था . कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षक ,शिक्षेकेत्तर कर्मी ,छात्र -छात्राओं ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली . मौके पर कफ़ील अहमद आजाद , आकाश, अल्तमश, रहमतुल्लाह राही , राणा रंधीर प्रताप, डा. स्मृति रतन, जयंत राज, डा. सलाउद्दीन अंसारी, डा. सत्यदेव कुमार राम, गोविन्द साह, अशोक कुमार गौरव तथा अन्य शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे .

## दूसरे दिन भी कार्यों का किया बहिष्कार

**मोतिहारी.** अपनी मांगों के समर्थन में एमएस कॉलेज के कर्मचारी दूसरे दिन बुधवार को भी कार्यों का बहिष्कार करते हुए धरना-प्रदर्शन जारी रखा. कॉलेज के मुख्य गेट को बंद कर धरना पर बैठे कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के वादा खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मौके पर संरक्षक प्रमोद कुमार, अध्यक्ष ओमप्रकाश राय, सचिव हर्षवर्द्धन राय, राजेश कुमार सिंह, रमेश कुमार, अभिनाश कुमार, अनिल कुमार, कन्हैया प्रसाद, कुमारी निशा, गुड़िया देवी, रेणु देवी आदि उपस्थित रहे.

छात्र-छात्राएं

## ग्रामीणों ने स्कूल में किया हंगामा

प्रभात खबर
Thursday, March 26, 2026
Motihari
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/69c41a691ccaa39f40f602de

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com
Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

दैनिक भास्कर मोतीहारी 25-03-2026

## कॉलेज में युवाओं ने ली नशा नहीं करने की शपथ

सिटीरिपोर्टर|मोतिहारी

नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन के सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा युवाओं की संस्था आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मुंशी सिंह महाविद्यालय और लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय में जन जागरूकता, क्षमतावर्धन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुंशी सिंह कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अरुण कुमार ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है, इसलिए युवाओं को इसके प्रति सजग रहना जरूरी है। प्राचार्य प्रो एमएन हक तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ गौरव भारती की उपस्थिति रही।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

## موتی ہاری کے ایم۔ایس اور ایل۔این۔ڈی کالج میں ”نشہ مکت بھارت ابھیان“ کا آغاز



موتی ہاری ( عزیر انجم )موتیہاری: ”نشہ مکت بھارت ابھیان“ (NAPDDR) کی 5ویں سالگرہ کے موقع پر منگل کے دن مشرقی چمپارن ضلع انتظامیہ (سماجی تحفظ کوشانگ) اور نوجوانوں کی سرکردہ تنظیم آزاد یوتھ آرگنائزیشن“ کے مشترکہ اہتمام سے شہر کے منشی سنگھ (ایم۔ایس) اور لکشمی نارائن دوبے (ایل۔این۔ڈی) کالج میں ایک عظیم عوامی بیداری، صلاحیت سازی اور حلف برداری پروگرام کا انعقاد کیا گیا۔ ایم۔ایس کالج میں منعقد پروگرام میں مہمان خصوصی کے طور پر ڈاکٹر ارون کمار موجود تھے، جنہوں نے نشہ مکت سماج کے موضوع پر تفصیل سے روشنی ڈالی اور نوجوانوں کو بیدار کیا۔ پروگرام میں کالج کے پرنسپل پروفیسر محمد۔این۔حق اور این۔ایس۔ایس پروگرام آفیسر ڈاکٹر گورو بھارتی کی خصوصی موجودگی رہی۔ ان کی رہنمائی میں این۔ایس۔ایس رضا کاروں، طلبہ وطالبات اور نوجوانوں نے بڑی تعداد میں حصہ لیا اور زندگی میں کبھی نشہ نہ کرنے کا عہد کیا۔ دوسری جانب ایل۔این۔ڈی کالج میں بھی یہ مہم پورے جوش کے ساتھ چلائی گئی۔ یہاں ڈاکٹر پربھاکر کمار اور ڈاکٹر وربل بھٹاچاریہ کی باوقار موجودگی میں این۔ایس۔ایس رضا کاروں اور نوجوانوں نے نشہ کے خلاف متحد ہو کر سماج کو نشہ سے پاک بنانے کا عزم لیا۔ اس مہم کو کامیاب بنانے میں ضلع سماجی تحفظ کوشانگ، مشرقی چمپارن کے افسران کا اہم کردار رہا۔ موقع پر اسسٹنٹ ایڈمنسٹریٹو آفیسر جناب سنجے کمار سنگھ اور ضلع کوآرڈینیٹر (سماجی) جناب راجیو رنجن جہا خصوصی طور پر موجود رہے اور انہوں نے نوجوانوں کا حوصلہ بڑھایا۔ پروگرام کے کامیاب موبلائزیشن اور زمینی انتظامات کی پوری ذمہ داری آزاد یوتھ آرگنائزیشن“ کی ٹیم نے بخوبی نبھائی۔ تنظیم کے بانی کفیل احمد آزاد کی قیادت میں ٹیم کے فعال اراکین آکاش، التمش، رحمت اللہ راہی، وروِن سمیت دیگر اراکین نے دونوں کالجوں میں موجود رہ کر پروگرام کو منظم اور موثر بنانے میں اہم کردار ادا کیا۔ کفیل احمد آزاد نے کہا: ”یہ صرف ایک دن کا پروگرام نہیں بلکہ موتیہاری کو نشہ سے پاک بنانے کی ایک طویل جدوجہد کی شروعات ہے۔ 25 مارچ کو مہاتما گاندھی سینٹرل یونیورسٹی اور سرکاری پولی ٹیکنک میں بھی اسی جذبے کے ساتھ بیداری مہم چلائی جائے گی۔“

Design By : Myadbazaar #63972333885

# Azad Youth Organization


+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

## नशा स्वास्थ्य के साथ परिवार व समाज के लिए भी समस्या : प्राचार्य

**जागरण संवाददाता, मोतिहारी :** राजकीय पालिटेक्निक मोतिहारी के प्राचार्य डा. फजले सरवर ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या उत्पन्न करता है। किसी भी तरह का नशा घातक है। वे बुधवार को संस्थान में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य के साथ जिला समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी आलोक कुमार तथा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के राजीव रंजन झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राजीव रंजन झा के द्वारा विस्तार से नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य डा. फजले सरवर व अन्य • जागरण

उन्होंने नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने नशामुक्त भारत बनाने की शपथ ली। मौके पर आजाद यूथ आर्गेनाइजेशन के कफील अहमद आजाद, रणधीर प्रताप, डा. स्मृति रतन, जयंत राज, डा. सलाउद्दीन अंसारी, डा. सत्यदेव कुमार राम, गोविंद साह, अशोक कुमार मौजूद आदि उपस्थित थे।

**नशा के दुष्प्रभावों एवं मुक्ति के उपायों पर चर्चा :** मुंशी सिंह महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला समन्वयक (सामाजिक) राजीव रंजन झा, सामाजिक कार्यकर्ता डा. अरुण कुमार, महाविद्यालय के ...



एमएस कालेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी व अन्य • जागरण

पीओ डा. गौरव भारती एवं आजाद यूथ आर्गेनाइजेशन के संस्थापक कफील अहमद आजाद आदि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डा. अरुण कुमार ने नशे के कारणों, उसके दुष्प्रभावों एवं नशामुक्ति के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। वहीं सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नशामुक्त अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी को इसकी सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम का संचालन डा. गौरव भारती ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को टोपी एवं टी-शर्ट भी वितरित किए गए। मौके पर डा. त्रिपुरी दीक्षित, डा. अलोक कुमार पांडेय, डा. पवन कुमार, डा. रूपेश कुमार आदि ने भागीदारी की।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com
Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

## एम.एस. और एल.एन.डी. कॉलेज में 'नशा मुक्त भारत अभियान' का ऐतिहासिक शंखनाद, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ




चम्पारण केसरी

**मोतिहारी।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) एवं युवाओं की अग्रणी संस्था 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मुंशी सिंह (एम.एस.) और लक्ष्मी नारायण दुबे (एल.एन.डी.) महाविद्यालय में एक भव्य जन-जागरूकता, क्षमतावर्धन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।एम.एस. कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अरुण कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने नशामुक्ति के विषय पर गहराई से प्रकाश डाला और युवाओं को जागरूक किया।कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक और एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती की विशेष उपस्थिति रही। इनके मार्गदर्शन में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं और युवाओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया और जीवन में कभी नशा न करने की शपथ ली।दूसरी ओर, एल.एन.डी. कॉलेज में भी यह अभियान पूरे जोश के साथ संचालित हुआ। यहाँ डॉ. प्रभाकर कुमार और डॉ. दुर्बदल भट्टाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और युवाओं ने नशे के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस महाभियान को सफल बनाने में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण के अधिकारियों की अहम भूमिका रही। मौके पर सहायक प्रशासी पदाधिकारी श्री संजय कु. सिंह और जिला समन्वयक (सामाजिक) श्री राजीव रंजन झा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाया।आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' ने निभाया जमीनी मोर्चा: कार्यक्रम के सफल मोबिलाइजेशन और जमीनी व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' की टीम ने बखूबी निभाई। संस्था के संस्थापक कफील अहमद आजाद के नेतृत्व में टीम के सक्रिय सदस्य आकाश, अल्तमश, रहमतुल्लाह राही, वरुण,सहित अन्य सदस्यों ने दोनों कॉलेजों में उपस्थित रहकर पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कफील अहमद आजाद ने कहा यह सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मोतिहारी को नशे से मुक्त कराने की एक लंबी जंग की शुरुआत है। कल (25 मार्च) महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक में भी इसी ऊर्जा के साथ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

# नशा मुक्त अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम, युवाओं को दिलाई शपथ

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** नशा मुक्त अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मुंशी सिंह महाविद्यालय और आज़ाद यूथ ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला समन्वयक राजीव रंजन झा तथा मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अरुण कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. अरुण कुमार ने नशे के कारणों, दुष्प्रभावों और उससे मुक्ति के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों और चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के लिए सतत और संगठित प्रयास जरूरी हैं। वहीं संजय कुमार सिंह ने अभियान में युवाओं की भागीदारी को बेहद अहम बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौरव भारती ने किया, जबकि अंत में कफील अहमद आजाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर छात्रों को जागरूकता से जुड़े टोपी और टी-शर्ट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने 'नशा मुक्त भारत' की सामूहिक शपथ लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

की उड़ान

मोतिहारी दर्शन

मोतिहारी, बुधवार
01 अप्रैल, 2026



# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'नशामुक्त भारत' का शंखनाद, छात्रों ने ली शपथ

गरीब दर्शन/मोतिहारी

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के 'बृहस्पति सभागार' में मंगलवार को जिला प्रशासन और आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, शिक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के सफल संचालन में विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के समन्वयक प्रो. प्रसून दत्त सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जब युवा




जागरूक होंगे, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो पाएगा। जिला प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'नशामुक्त भारत अभियान' केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन जैसे संस्थानों के सहयोग से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलेगी। सामाजिक चिंतक रवि शंकर वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और नशामुक्त समाज का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि केवल व्यक्तिगत संकल्प ही नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के उप कुलानुशासक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है और उसके भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक और जागरूक नागरिक के रूप में यह हमारा दायित्व है कि हम युवाओं को सही दिशा दिखाएं और उन्हें सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करें। अंत में कफ़ील अहमद आजाद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था जिला प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक सुधार के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है और भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**Azad Youth Organization**

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

## केविवि में 'नशामुक्त भारत' का शंखनाद
## छात्रों ने ली नशा नहीं करने की शपथ




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व अतिथि.

<u>प्रतिनिधि,मोतिहारी</u>

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के "बृहस्पति सभागार" में जिला प्रशासन और "आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन" के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम काआयोजन किया गया. मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है.

उन्होंने युवाओं से इस अभियान का अग्रदूत बनने का आह्वान किया. जिला प्रशासन की ओर से संजय कुमार सिंह, सहायक प्रशासी पदाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्त अभियान से युवाओं को संकल्पित करके जनजागरूकता की एक बड़ी पहल है, जिसको आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान संकल्प के कार्यक्रम को कराकर सामाजिक बुराई को समाप्त करना है.

इस अवसर पर गाँधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और गणमान्य व्यक्तियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प की आवश्यकता पर जोर दिया. कार्यक्रम के अंत में विश्वी के उप कुलानुशासक डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी गहराई से प्रभावित करता है. अन्त में "आज़ाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन" के संस्थापक और विश्वविद्यालय के छात्र कफ़ील अहमद आज़ाद ने कार्यक्रम के सफल प्रबंधन और आयोजन की भूमिका में रहते हुए बताया कि उनकी संस्था ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार सामाजिक सुधार के कार्यों में सक्रिय है और विश्वविद्यालय के छात्रों का सहयोग इस मुहिम को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा.

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization


+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

QAUMI TANZEEM Patna, Tuesday 31, March. 2026

# مہاتما گاندھی سنٹرل یونیورسٹی کے طلباء نے منشیات کو ختم کرنے کا عہد لیا




موتی ہاری ( عزیر انجم ) مہاتما گاندھی سنٹرل یونیورسٹی، موتیہاری کے آڈیٹوریم میں ضلع انتظامیہ اور آزاد یوتھ آرگنائزیشن کے مشترکہ زیر اہتمام منشیات سے پاک ہندوستان مہم کے تحت ایک عظیم بیداری پروگرام کا انعقاد کیا گیا۔ پروفیسر پرسون دت سنگھ، چیف ڈین اور کوآرڈینیٹر، نیشنل سروس اسکیم، مہاتما گاندھی سنٹرل یونیورسٹی، نے اس تقریب کو حقیقت بنانے میں اہم تعاون کیا۔ شعبہ سیاسیات کے سربراہ ڈاکٹر نریندر کمار آریہ نے کلیدی مقرر کے طور پر نوجوانوں سے خطاب کیا۔ کہا کہ نوجوانوں کو منشیات کی لت کی سماجی برائی کو جڑ سے اکھاڑ پھینکنا ہوگا، تب ہی ایک مضبوط قوم کی تعمیر ممکن ہے۔ انہوں نے نوجوانوں پر زور دیا کہ وہ اس مہم کا ہراول دستہ بنیں۔ ضلع انتظامیہ کی جانب سے اسسٹنٹ ایڈمنسٹریٹو آفیسر جناب سنجے کمار سنگھ نے اپنے بیان میں کہا کہ منشیات سے پاک مہم نوجوانوں کو پرعزم بنا کر عوامی بیداری کی ایک بڑی پہل ہے جو کہ آزاد یوتھ آرگنائزیشن کے ذریعے منشیات سے پاک ہندوستان مہم قرارداد کے پروگرام کا انعقاد کر کے سماجی برائیوں کو ختم کرنا ہے۔ اس کے ساتھ ہی سماجی مفکر روی شنکر ورما نے کہا کہ یہ شہریوں کے مفاد اور عوامی فلاح و بہبود کے جذبے کو ذہن میں رکھتے ہوئے کیا جانا چاہیے۔ اس موقع پر ڈاکٹر جگل کشور دد هیچ سابق چیئرمین ڈپارٹمنٹ آف گاندھی اینڈ پیس اسٹڈیز نے موجود تمام طلباء اور معززین کو منشیات سے پاک رہنے کا حلف دلایا اور منشیات سے پاک معاشرے کے لیے اجتماعی قرارداد کی ضرورت پر زور دیا۔ پروگرام کے اختتام وائس چانسلر ڈاکٹر نریندر سنگھ نے کہا، منشیات کی لت نہ صرف ایک فرد کی صحت پر گہرا اثر ڈالتی ہے بلکہ اس کے خاندان، معاشرے اور قوم کی ترقی کو بھی متاثر کرتی ہے۔ باشعور شہریوں اور معلمین کی حیثیت سے، یہ ہماری اخلاقی ذمہ داری ہے کہ ہم منشیات سے پاک معاشرے کی تعمیر میں فعال کردار ادا کریں۔ منشیات سے پاک مہم صرف ایک حکومتی اقدام نہیں ہے، بلکہ ایک سماجی تحریک ہے، جس میں سب کی شرکت ضروری ہے۔ ہمیں نوجوانوں میں شعور بیدار کرنا چاہیے، انھیں مثبت سمت فراہم کرنا چاہیے، اور انھیں یہ سمجھانا چاہیے کہ حقیقی ترقی اور کامیابی کا راستہ نشے سے نہیں، بلکہ تعلیم، نظم وضبط اور خود پر قابو پانے کے ذریعے ہے۔ میں سب سے گزارش کرتا ہوں کہ منشیات سے دور رہیں اور دوسروں کو اس کے مضر اثرات سے آگاہ کریں۔ آیئے ہم سب ایک صحت مند، مضبوط اور منشیات سے پاک ہندوستان بنانے کا عہد کریں۔" اس کے بعد انہوں نے رسمی طور پر سب کا شکریہ ادا کیا۔ آخر میں آزاد یوتھ آرگنائزیشن کے بانی اور یونیورسٹی کے ایک طالب علم کفیل احمد آزاد، جنہوں نے اس تقریب کے کامیاب انتظام اور انعقاد میں اہم کردار ادا کیا، انہوں نے وضاحت کی کہ ان کی تنظیم ضلعی انتظامیہ کے ساتھ مل کر سماجی اصلاح کے کاموں میں مسلسل مصروف عمل ہے، اور یونیورسٹی کے طلباء کا تعاون اس اقدام کو نئی بلندیوں تک لے جائے گا۔ یونیورسٹی کے مختلف شعبہ جات کے طلباء، محققین اور آزاد یوتھ آرگنائزیشن کے ممبران کی کثیر تعداد نے شرکت کی۔ ضلعی انتظامیہ کے افسران نے بھی اس اقدام کی تعریف کی اور نوجوانوں کے جوش کو تبدیلی کی ایک بڑی لہر قرار دیا۔

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

bordernewsmirror.com
31 Mar 2026 - Page 3

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'नशामुक्त भारत' का शंखनाद, छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के बृहस्पति सभागार में जिला प्रशासन और आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शोधार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य कुलानुशासक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. प्रसून दत्त सिंह की विशेष भूमिका रही। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करना होगा, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम का अग्रदूत बनने का आह्वान किया। जिला प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान युवाओं को संकल्पित कर समाज में जनजागरूकता फैलाने की बड़ी पहल है। सामाजिक चिंतक रवि शंकर वर्मा ने लोककल्याण की भावना के साथ समाज सुधार के कार्यों में भागीदारी की अपील की। गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और गणमान्य लोगों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई। वहीं विश्वविद्यालय के उप कुलानुशासक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने शिक्षा, अनुशासन और आत्मसंयम को सफलता का वास्तविक मार्ग बताया। कार्यक्रम के अंत में आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक और विश्वविद्यालय छात्र कफ़ील अहमद आज़ाद ने कहा कि उनकी संस्था जिला प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक सुधार के कार्यों में लगातार सक्रिय है। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्रों का सहयोग इस मुहिम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com
Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'नशामुक्त भारत' का शंखनाद: छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ।




डॉ मनीष कुमार सिंह सहायक संपादक दैनिक अयोध्या टाईम्स बिहार मोतिहारी पूर्वी चम्पारण।

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के 'बृहस्पति सभागार' में आज ज़िला प्रशासन और 'आज़ाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो. प्रसून दत्त सिंह मुख्य कुलनुशासक एवं समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेष योगदान रहा जिनके माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हो पाया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का अग्रदूत बनने का आह्वान किया।जिला प्रशासन की ओर से संजय कुमार सिंह, सहायक प्रशासी पदादिकारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि नशा मुक्त अभियान से युवाओं को संकल्पित करके जनजागरूकता की एक बड़ी पहल है, जिसको आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान संकल्प के कार्यक्रम को कराकर सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। इसके साथ ही सामाजिक चिंतक रवि शंकर वर्मा ने कहा कि स्व से नागरिकों के परमार्थ लोककल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इस अवसर पर गाँधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और गणमान्य व्यक्तियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वी के उप कुलनुशासक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि "नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी गहराई से प्रभावित करता है। एक जागरूक नागरिक और शिक्षक के रूप में यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।नशा मुक्त अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। हमें युवाओं को जागरूक करना होगा, उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करनी होगी तथा यह समझाना होगा कि वास्तविक प्रगति और सफलता का मार्ग नशा नहीं, बल्कि शिक्षा, अनुशासन और आत्मसंयम से होकर जाता है।मैं सभी से आह्वान करता हूँ कि वे स्वयं नशा से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। आइए, हम सब मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें।" इसके बाद सभी का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया।अन्त में 'आज़ाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के संस्थापक और विश्वविद्यालय के छात्र कफ़ील अहमद आज़ाद ने कार्यक्रम के सफल प्रबंधन और आयोजन की भूमिका में रहते हुए बताया कि उनकी संस्था ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार सामाजिक सुधार के कार्यों में सक्रिय है और विश्वविद्यालय के छात्रों का सहयोग इस मुहिम को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं, शोधार्थी और 'आज़ाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ज़िला प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस पहल को सराहा और युवाओं के इस उत्साह को बदलाव की एक बड़ी लहर बताया।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization


+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

AZAD YOUTH ORGANIZATION
ESTD-2023
BIHAR

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में नशामुक्त भारत का शंखनाद, छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ

चम्पारण केसरी



**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के बृहस्पति सभागार में आज जिला प्रशासन और आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो. प्रसून दत्त सिंह मुख्य कुलनुशासक एवं समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेष योगदान रहा जिनके माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हो पाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का अग्रदूत बनने का आह्वान किया।जिला प्रशासन की ओर से संजय कुमार सिंह सहायक प्रशासी पदाधिकारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि नशा मुक्त अभियान से युवाओं को संकल्पित करके जनजागरूकता की एक बड़ी पहल है जिसको आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान संकल्प के कार्यक्रम को कराकर सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। इसके साथ ही सामाजिक चिंतक रवि शंकर वर्मा ने कहा कि स्व से नागरिकों के परमार्थ लोककल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इस अवसर पर गाँधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और गणमान्य व्यक्तियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वी के उप कुलनुशासक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि उसके परिवार समाज और राष्ट्र के विकास को भी गहराई से प्रभावित करता है। एक जागरूक नागरिक और शिक्षक के रूप में यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।नशा मुक्त अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। हमें युवाओं को जागरूक करना होगा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करनी होगी तथा यह समझाना होगा कि वास्तविक प्रगति और सफलता का मार्ग नशा नहीं बल्कि शिक्षा अनुशासन और आत्मसंयम से होकर जाता है।मैं सभी से आह्वान करता हूं कि वे स्वयं नशा से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। आइए हम सब मिलकर एक स्वस्थ सशक्त और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें। इसके बाद सभी का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया।अन्त में आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक और विश्वविद्यालय के छात्र कफ़ील अहमद आजाद ने कार्यक्रम के सफल प्रबंधन और आयोजन की भूमिका में रहते हुए बताया कि उनकी संस्था जिला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार सामाजिक सुधार के कार्यों में सक्रिय है और विश्वविद्यालय के छात्रों का सहयोग इस मुहिम को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com
Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'नशामुक्त भारत' का शंखनादः छात्रों ने ली नशा न करने की शपथमोतिहारी

**डी एन कुशवाहा संरक्षक - मौर्य ध्वज एक्सप्रेस**

**मोतिहारी पूर्वी चम्पारण-**




महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के 'बृहस्पति सभागार' में आज ज़िला प्रशासन और 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो. प्रसून दत्त सिंह मुख्य कुलनुशासक एवं समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेष योगदान रहा जिनके माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हो पाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखड़ फेंकना होगा, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का अग्रदूत बनने का आह्वान किया। जिला प्रशासन की ओर से श्रीमान संजय कुमार सिंह, सहायक प्रशासी पदादिकारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि नशा मुक्त अभिवान से युवाओं को संकल्पित करके जनजागरूकता की एक बड़ी पहल है, जिसको आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान संकल्प के कार्यक्रम को कराकर सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। इसके साथ ही सामाजिक चिंतक रवि शंकर वर्मा ने कहा कि स्व से नागरिकों के परमार्थ लोककल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इस अवसर पर गाँधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और गणमान्य व्यक्तियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विश्वी के उप कुलनुशासक डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी गहराई से प्रभावित करता है। एक जागरूक नागरिक और शिक्षक के रूप में वह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। नशा मुक्त अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। हमें युवाओं को जागरूक करना होगा, उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करनी होगी तथा यह समझाना होगा कि वास्तविक प्रगति और सफलता का मार्ग नशा नहीं, बल्कि शिक्षा, अनुशासन और आत्मसंयम से होकर जाता है। मैं सभी से आह्वान करता हूँ कि वे स्वयं नशा से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। आइए, हम सब मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें। इसके बाद सभी का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्त में 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के संस्थापक और विश्वविद्यालय के छात्र कफील अहमद आजाद ने कार्यक्रम के सफल प्रबंधन और आयोजन की भूमिका में रहते हुए बताया कि उनकी संस्था ज़िला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार सामाजिक सुधार के कार्यों में सक्रिय है और विश्वविद्यालय के छात्रों का सहयोग इस मुहिम को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं, शोधार्थी और 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ज़िला प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस पहल को सराहा और युवाओं के इस उत्साह को बदलाव की एक बड़ी लहर बताया। प्रेषकः कफील अहमद आजाद संस्थापक, आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन मो.: 8877543792

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

# मोतिहारी के एम.एस. और एल.एन.डी. कॉलेज में 'नशा मुक्त भारत अभियान' का ऐतिहासिक शंखनाद, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

**डी एन कुशवाहा संरक्षक - मौर्य ध्वज एक्सप्रेस**

**मोतिहारी:** 'नशा मुक्त भारत अभियान' (NAPDDR) की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) एवं युवाओं की अग्रणी संस्था 'आजाद यूथ ऑर्गनाइजेशन' के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मुंशी सिंह (एम.एस.) और लक्ष्मी नारायण दुबे (एल.एन.डी.) महाविद्यालय में एक भव्य जन-जागरूकता, क्षमतावर्धन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। एम.एस. कॉलेज में युवाओं का उत्साहः एम.एस. कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अरुण कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने नशामुक्ति के विषय पर गहराई से प्रकाश डाला और युवाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक और एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती की विशेष उपस्थिति रही।




इनके मार्गदर्शन में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं और युवाओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया और जीवन में कभी नशा न करने की शपथ ली। एल.एन.डी. कॉलेज में भी दिखी जागरूकता की लहरः दूसरी ओर, एल.एन.डी. कॉलेज में भी यह अभियान पूरे जोश के साथ संचालित हुआ। यहाँ डॉ. प्रभाकर कुमार और डॉ. दुर्बदल भट्टाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और युवाओं ने नशे के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों का मिला पूर्ण समर्थनः इस महाभियान को सफल बनाने में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण के अधिकारियों की अहम भूमिका रही। मौके पर सहायक प्रशासी पदाधिकारी श्री संजय कु. सिंह और जिला समन्वयक (सामाजिक) श्री राजीव रंजन झा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाया। 'आजाद यूथ ऑर्गनाइजेशन' ने निभाया जमीनी मोर्चाः कार्यक्रम के सफल मोबिलाइजेशन और जमीनी व्यवस्था की पूरी ज़िम्मेदारी 'आजाद यूथ ऑर्गनाइजेशन' की टीम ने बखूबी निभाई। संस्था के संस्थापक कफील अहमद आजाद के नेतृत्व में टीम के सक्रिय सदस्य आकाश, अल्तमश, रहमतुल्लाह राही, वरुण,सहित अन्य सदस्यों ने दोनों कॉलेजों में उपस्थित रहकर पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कफील अहमद आजाद ने कहा, यह सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मोतिहारी को नशे से मुक्त कराने की एक लंबी जंग की शुरूआत है। कल (25 मार्च) महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक में भी इसी ऊर्जा के साथ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। निवेदकः टीम आजाद यूथ ऑर्गनाइजेशन संपर्क सूत्रः 8877543792

Design By : Myadbazaar #6397233885

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401

# #Print Media Coverage

# नशा मुक्त अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/ पू.चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्त अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मादक द्रव्यों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण, मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी तथा आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 24 मार्च 2026 को एक दिवसीय जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासी पदाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, जिला समन्वयक (सामाजिक) राजीव रंजन झा, मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अरुण कुमार, मुंशी सिंह महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती तथा आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक कफील अहमद आजाद सहित बड़ी संख्या महाविद्यालय के में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कुमार ने नशे के कारणों, उसके दुष्प्रभावों एवं नशा मुक्ति के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों तथा चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के लिए सतत, संगठित और सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता है। सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 'नशा मुक्त अभियान' की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी को इसकी सफलता की कुंजी बताया। वहीं जिला समन्वयक राजीव रंजन झा ने पूर्वी चंपारण में नशा मुक्ति अभियान की प्रासंगिकता और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. गौरव भारती ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के महत्व एवं उसके सकारात्मक प्रभावों को विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में कफील अहमद आजाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों ने आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन की सक्रियता और योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को टोपी एवं टी-शर्ट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विदुषी दीक्षित, डॉ. अलोक कुमार पांडेय, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रुपेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'नशा मुक्त भारत' के सामूहिक शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।



Design By : Myadba

## Azad Youth Organization

+919942495941 AYOINDIA1 Ayoindia1@gmail.com

Address – Motihari East Champaran (BR) 845401